प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 15.04.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

नारी सशक्तिकरण और महिलाओं के सम्मान को समर्पित नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज जयपुर के बिड़ला सभागार में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर हो रहे सम्मेलन में शिरकत कर रहे है। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और सांसद मंजू शर्मा भी कार्यक्रम में मौजूद है। सम्मेलन में विभिन्न महिला संगठनों की प्रतिनिधि हिस्सा ले रही है। सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री बालिकाओं से संवाद भी करेंगे। उधर झुंझुनूं में आज पदयात्रा का आयोजन किया गया। इसमें बडी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से महिला आरक्षण के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार जताया गया।

0000

देश में मॉनसून के दौरान इस साल बारिश में कमी देखी जा सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार जून से सितम्बर के दौरान बरसात सामान्य से कम रहने के आसार है। विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र के अनुसार अल नीनो की स्थिति के कारण इस साल मॉनसून थोडा कम सकिय रह सकता है। उन्होंने बताया कि दक्षिण पश्चिम मॉनसून के दूसरे चक्र में बारिश के सामान्य तौर तरीको में बदलाव आ सकता है। गौरतलब है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मॉनसून की बारिश का पहला पूर्वानुमान अप्रैल महीने में जारी करता है। वहीं मई के आखिरी सप्ताह में फिर से इसका अपडेट जारी होता है। इस बीच राज्य में तेज धूप के कारण गर्मी के तेवर लगातार तीखे होते जा रहे है। कल कई शहरों में दिन का पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पंहुच गया। वहीं पश्चिमी राजस्थान में लू जैसे हालात बनने लगे है। मौसम विभाग के अनुसार कल बाडमेर और कोटा में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार रिकॉर्ड हुआ। वहीं जैसलमेर चूरू, और चित्तौडगढ में भी पारा 40 डिग्री के ऊपर रहा। विभाग ने 17 और 18 अप्रैल को श्रीगंगानगर, जैसलमेर और बाडमेर के लिए लू का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000

अक्षय तृतीया और पीपल पूर्णिमा के अबूझ सावे पर संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए प्रदेशभर में प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। इसके लिए जिलों में 24 घंटे संचालित रहने वाले कन्ट्रोल रूम बनाये गये है। साथ ही शादी का कार्ड छापने वाले सभी प्रिन्टिंग प्रेस को वरवधु की आयु अंकित करने के निर्देश दिए गए है। पंडित, हलवाई और बैंड मास्टर तथा फोटोग्राफर को भी इस बाबत सतर्क रहने को कहा गया है। साथ ही आंगनबाडी कार्यकर्ताओं, ग्राम विकास अधिकारियों, शिक्षकों और स्वास्थ्यकर्मियों तथा सुरक्षा सखी को भी व्यापक निगरानी रखने के निर्देश दिए गए है।

0000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा की वर्ष 2026 की पूरक परीक्षाओं के लिए आवेदन आज से शुरू हो गए है। बोर्ड सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड ने बताया कि प्रायोगिक परीक्षाएं 7 मई से और सैद्धान्तिक परीक्षा 14 मई से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि पूरक परीक्षा के आवेदन की प्रकिया 22 अप्रैल तक चलेगी।

0000

राजस्थान पुलिस के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी कडी में आज जोधपुर में क्विज़ प्रतियोगिता रखी गई है। जोधपुर पुलिस आयुक्तालय ने ये प्रतियोगिता शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित की है। इसमें 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी भाग लेंगे। वहीं जोधपुर में कल राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केंद्र–आर. पी. टी. सी. पर नव आरक्षी प्रशिक्षु का दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। आरपीटीसी के प्रधानाचार्य आईपीएस डॉ. महावीर सिंह राणावत ने बताया कि इसमें 90–91 बैच के प्रशिक्षु को दीक्षांत की शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम में पुलिस बैंड वादन और परेड निरीक्षण तथा पारितोषिक का वितरण भी किया जायेगा। वहीं जयपुर स्थित पुलिस अकादमी में कल आयोजित होने वाले समारोह में हनुमानगढ़ जिले के यातायात प्रभारी अनिल चिंदा सहित 6 पुलिसकर्मियों को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जायेगा।

000

आज धौलपुर जिले का 44वां स्थापना दिवस है। इस अवसर पर कई कार्यक्रम हो रहे है। धौलपुर में रैली निकाली गई, जिसे जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

0000

उत्तर पश्चिम रेलवे ने जयपुर और उदयपुर के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन को अब नियमित सुपरफास्ट एक्सप्रेस के रूप में शुरू कर दिया है। यह नई व्यवस्था आज से लागू हो गई है। इससे रोजाना यात्रा करने वालों को तेज, सुगम और भरोसेमंद सेवा मिलेगी। ये गाडी जयपुर से सुबह 06 बजकर 10 मिनट पर रवाना होकर दोपहर डेढ बजे उदयपुर सिटी पहुंचेगी। वहीं उदयपुर से दोपहर 03 बजकर 5 मिनट पर चलकर रात साढे दस बजे जयपुर पंहुचेगी। ये सुपरफास्ट एक्सप्रेस कनकपुरा, फुलेरा, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, बिजयनगर, भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ जिले के चंदेरिया तथा कपासन स्टेशनों पर रूकेगी। मावली स्टेशन पर भी इसका ठहराव होगा।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 अप्रैल को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133 वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 24 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे ओलिवियर गौरिंचास ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने के बावजूद भारत की विकास संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं। मीडिया से बात करते हुए गौरिंचास ने कहा कि भारत ने वर्ष 2025 में अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे विकास दर सात दशमलव छह प्रतिशत रहने का अनुमान है। वर्ष 2026 में इसके लगभग साढे छह फीसदी रहने का अनुमान है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी है कि वैश्विक ऊर्जा कीमतों में बढोतरी और खाद्य पदार्थों की बढ़ती लागत के कारण इस साल मुद्रास्फीति बढ़कर लगभग चार दशमलव सात प्रतिशत हो सकती है।

0000

केन्द्र सरकार ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश में घरेलू एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की सौ प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आश्वासन दिया है कि देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार है और किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर आपूर्ति में कमी की कोई सूचना नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग में 98 प्रतिशत की बढोतरी हुई है। मंत्रालय ने बताया कि प्रवासी श्रमिकों के लिए 23 मार्च से अब तक 14 लाख रुपये से अधिक मूल्य के 5 किलोग्राम के फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री की गई है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि मार्च से अब तक 4 लाख से अधिक पीएनजी कनेक्शन चालू किए गए हैं और लगभग चार लाख 88 हजार नए कनेक्शन के लिए पंजीकरण किये गये हैं। 14 मार्च से अब तक कुल 1 लाख 31 हजार मीट्रिक टन से अधिक वाणिज्यिक एलपीजी की बिक्री हो चुकी है।

00000